| |
|---|
| दिनांक 02.10.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 02/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी की जयन्ती पर पुलिस मुख्यालय में समारोह सम्पन्न

02 अक्टूबर, राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी की जयन्ती के अवसर पर पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर, लखनऊ विस्तार में सादगी के साथ समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गॉधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी एवं बैण्ड द्वारा रामधुन बजाई गई तथा गॉधी जी के लोकप्रिय भजन गाये गये।

उक्त समारोह में लखनऊ विश्वविद्यालय के रिटायर्ड प्रोफेसर द्वारा महात्मा गॉधी जी के आदर्शों, सिद्धान्तों पर अपने विचार रखे।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा पुलिस मुख्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को उपहार भेंट किया गया।







**जनपद मथुरा/थाना राया**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 01/02.10.2023 को थाना राया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर राया कट अण्डर पास के नीचे पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त आजम घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना राया पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना राया पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आजम निवासी सामरेड थाना पहाड़ी जनपद भरतपुर, राजस्थान।

**बरामदगी**

1—01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर)।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद कानपुर देहात/थाना अकबरपुर

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **07 लाख रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल, 02 ओमनी वैन आदि बरामद**

दिनांक 02.10.2023 को थाना अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम बारा से अभियुक्त 1–शनि उर्फ फतेह मोहम्मद 2–शादाब को गिरफ्तार किया गया एवं बलिहारा मोड़ के पास मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त रियाज उर्फ लाला घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है, गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 07 लाख रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल, 02 ओमनी वैन आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना अकबरपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शनि उर्फ फतेह मोहम्मद निवासी बारा थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।

2–शादाब निवासी बारा थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।

3–रियाज उर्फ लाला निवासी बारा थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।

**बरामदगी**

1–07 लाख रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–01 मोटर साइकिल, 02 ओमनी वैन आदि।

## जनपद शाहजहॉपुर/थाना सदर बाजार

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **लगभग 05 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण, 01 टैबलेट**
- **1450/–रूपये नगद**
- **03 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 02.10.2023 को थाना सदर बाजार व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अंवति बाई पार्क मोड से 04 अभियुक्तों 1–अमन 2–आर्यन राज 3–जितिन कुमार 4–रूयैल फ्रांसिस को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 05 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण, 01 टैबलेट, 1450/–रूपये नगद, 03 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 20.09.2023 को थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अमन निवासी मोहल्ला मालाराम कालोनी चिनौर थाना सदर बाजार जनपद शाहजहॉपुर।

2–आर्यन राज निवासी मोहल्ला गदियाना थाना सदर बाजार जनपद शाहजहॉपुर।

3–जितिन कुमार निवासी मोहल्ला गदियाना थाना सदर बाजार जनपद शाहजहॉपुर।

4–रूयैल फ्रांसिस निवासी न्यू चर्च कालोनी थाना रोजा जनपद शाहजहॉपुर।

**बरामदगी**

1–लगभग 05 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण, 01 टैबलेट।

2–1450/–रूपये नगद।

3–03 मोबाइल फोन।

4–01 मोटर साइकिल।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना मंसूरपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **धोखाधड़ी के 40 हजार रूपये नगद**
- **01 पीओएस मशीन**
- **12 एटीएम कार्ड विभिन्न बैंको के**
- **घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 02.10.2023 को थाना मंसूरपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शाहपुर हाईवे कट से 02 अभियुक्तों 1–रवि 2–संदीप को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियक्तों के कब्जे/निशादेही से धोखाधड़ी के 40 हजार रूपये नगद, 01 पीओएस मशीन, 12 एटीएम कार्ड विभिन्न बैंको के, घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटर साइकिल बरामद हुयी।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त एटीएम मशीन पर व्यक्ति की मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड बदल धोखाधड़ी कर रूपये निकाल लेते थे। गिरफ्तार अभियुक्त संदीप के विरूद्ध जनपद बागपत, मुजफ्फरनगर, उत्तराखण्ड के विभिन्न थानों पर धोखाधड़ी आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना मंसूपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रवि निवासी ग्राम नौगबातीर थाना कुड़वार जनपद सुल्तानपुर हालपता–अमन बिहार किराडी, सुलेमान नगर थाना अमन बिहार, दिल्ली।

2–संदीप निवासी ग्राम बहुतबाला थाना सदर जनपद जीन्द हरियाणा हालपता–गली नं0–13 मंगोलपुरी थाना राजपार्क, दिल्ली।

**बरामदगी**

1–धोखाधड़ी के 40 हजार रूपये नगद।

2–01 पीओएस मशीन।

3–12 एटीएम कार्ड विभिन्न बैंको के।

4–घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटर साइकिल।

**जनपद बाराबंकी/थाना जहाँगीराबाद**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **75 किलो 840 ग्राम अवैध अफीम छिलका**
- **01 पिकअप वाहन बरामद**

दिनांक 02.10.2023 को थाना जहाँगीराबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर दरहरा तिराहा के पास से 02 अभियुक्तों 1–मो0जीशान 2–मो0फिरोज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 75 किलो 840 ग्राम अवैध अफीम छिलका, 01 पिकअप वाहन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना जहाँगीराबाद पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0जीशान निवासी मगरवल थाना सतरिख जनपद बाराबंकी।

2–मो0फिरोज निवासी मगरवल थाना सतरिख जनपद बाराबंकी।

**बरामदगी**

1–75 किलो 840 ग्राम अवैध अफीम छिलका।

2–01 पिकअप वाहन।

## एस0टी0एफ0–राष्ट्रीय पशु बाघ (पैन्थेरा टिगरिस) की हड्डियों का ढांचा (स्कलटोन) की तस्करी में वाछित अभियुक्त जनपद लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार।

दिनांक 01–10–2023 को एस0टी0एफ0 उत्तर प्रदेश एवं वन विभाग के संयुक्त अभियान में वन्यजीवों की तस्करी करने वाले गैंग के सरगना को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :–**

1– अनिल कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी ग्राम कोठिया थाना मझगयीं जनपद लखीमपुर खीरी।

**बरामदगी–**

1– 01 अदद मोबाइल फोन।

2– रू0 110/– नगद।

**गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान–**

दिनांक 01–10–2023 थानाक्षेत्र मझगईं जनपद लखीमपुर खीरी।

विगत कुछ दिनों से राष्ट्रीय पशु बाघ के लिए सरंक्षित वन्य जीव अभ्यारणों से इन्हें मारकर इनकी खाल, हड्डी, नाखून इत्यादि की तस्करी करने वाले गैंगों के सदस्यों के जनपद लखीमपुर–खीरी व पीलीभीत के आस–पास सक्रिय होने की सूचना प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में श्री दीपक कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ लखनऊ के पर्यवेक्षण कार्यवाही करते हुए वाइल्ड लाइफ क्राइम कण्ट्रोल ब्यूरो एवं वन विभाग से समन्वय स्थापित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन के दौरान मुखबिर द्वारा ज्ञात हुआ कि निघासन जनपद लखीमपुर खीरी के कुछ व्यक्ति एक टाइगर को मारकर उसकी खाल व नाखून बेच चुके हैं व अब उसकी हड्डियों को किसी नेपाली तस्कर को बेचने की फ़िराक में है, इस सूचना पर एसटीएफ लखनऊ के उप निरीक्षक श्री तेज बहादुर सिंह, मु0आ0 विनोद कुमार

यादव, मु0आ0 कृष्णकांत शुक्ल, मु0आ0 आलोक रंजन, मु0आ0 सुनील कुमार यादव आरक्षी चालक अफजाल की गठित टीम द्वारा इसी गैंग के दो सदस्यों को दिनांक 30.09.2023 को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से राष्ट्रीय पशु बाघ (पैन्थेरा टिगरिस) की हड्डियों का ढांचा (स्कलटोन) की बरामदगी की गयी थी। इसी क्रम में मुखबिर द्वारा प्राप्त सटीक सूचना पर एसटीएफ एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दबिश देकर टाइगर पोचर गैंग के सरगना अनिल को गिरफ्तार किया गया जिससे उपरोक्त बरामदगी हुयी।

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ पर बताया कि दिनांक 30–09–2023 को बरामद किया गया राष्ट्रीय पशु बाघ (पैन्थेरा टिगरिस) की हड्डियों का ढांचा (स्कलटोन) की बिक्री नेपाल व चीन में होती है जहाँ इनकी हड्डियों का चूर्ण बनाकर इनसे विभिन्न प्रकार की शक्तिवर्धक औषधियों का निर्माण किया जाता है।

बाघ के शिकार के सम्बन्ध में पूँछताछ पर बताया कि बाघ के शिकार का काम हमलोग पीढ़ियों से करते आ रहे हैं, हम लोग बाघ के आने–जाने के स्थानों की रेकी करते हैं फिर उन रास्तों पर लोहे का बना एक कुढ़ा लगा देते हैं जहाँ गुजरने पर बाघ का पांव उस कुढ़े में फंस जाता है और बाघ की वहीं तड़प–तड़प कर मृत्यु हो जाती है इसके बाद हम लोग मौका देखकर उनकी खाल, मांस हड्डी आदि को अलग–अलग कर छुपा देते हैं इसके उपरांत नेपाल व चीन के तस्करों से सम्बन्ध साधकर इनकी बिक्री कर 05 से 10 लाख रुपये कमा लेते हैं दिनांक 30–09–2023 को भी हम लोग बाघ की हड्डियों को बेचने जा रहे थे कि एसटीएफ टीम द्वारा मेरे साथियों को पकड़ लिए गया था। दिनांक 30.09.2023 को बरामद टाइगर की हड्डी उसी टाइगर की है जिसे हम लोगों ने कुछ महीनों पूर्व जंगल में लोहे का कुड़का लगाकर शिकार किया गया था। जिसकी खाल व नाखून हम लोग पहले ही नेपाल के तस्करों को बेच चुके हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रभागीय वन अधिकारी वन रेंज माला पीलीभीत के स्तर से सम्पादित की जायेगी।

———